RNI NO. RAJHIN/2013/50649

pktimesnews.com | PK Times News | thepktimesofficial | pk_timesofficial

PK टाइम्स

दैनिक लोक टुडे

www.loktodaynews.com

"शिक्षा की जड़ें कड़वी होती हैं लेकिन फल मीठा होता है।"

वर्ष - 12 | अंक - 261 | मूल्य - 1 रुपए | राजस्थान | रविवार, 29 मार्च, 2026

नई नीति | FCSD ने व्यावसायिक एलपीजी गैस के आवंटन हेतु नई वितरण नीति की जारी

# पंजीकरण पर ही मिलेगा कॉमर्शियल सिलेंडर अब प्राथमिकता पर एलपीजी का आवंटन

**लोक टुडे। जयपुर**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा व्यावसायिक एलपीजी गैस के आवंटन हेतु नई व्यावसायिक एलपीजी वितरण नीति जारी की गई है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि अंतराष्ट्रीय घटनाक्रमों जनित परिस्थितियों में 8 मार्च को केंद्र सरकार के एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर के माध्यम से व्यवसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बंद हो गई थी, ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस की सुचारू आपूर्ति जारी रह सके। अब केंद्र सरकार और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से प्रदेश में व्यावसायिक गैस आपूर्ति को चरणबद्ध रूप से बहाल करते हुए पश्चिमी एशिया घटनाक्रमों की पूर्व स्थिति के 70 प्रतिशत तक पहुंचा दिया गया है। नई व्यावसायिक एलपीजी वितरण नीति राज्य में अंतराष्ट्रीय घटनाक्रमों जनित संकट से पहले की स्थिति को पुनः स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आवंटन में बढ़ोतरी तथा राज्य द्वारा पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) के विस्तार के लिए किए गए इज ऑफ डूइंग सुधारों से यह संभव हुआ है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के शासन सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि व्यवसायिक एलपीजी वितरण नीति में पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



### वर्ष की खपत के अनुसार होगा आवंटन निर्धारण

नई व्यावसायिक एलपीजी वितरण नीति के अनुसार व्यवसायिक उपभोक्ता को दी जाने वाली मात्रा का निर्धारण अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक की औसत खपत के आधार पर होगा। इसमें वैकल्पिक ईंधन में परिवर्तित मात्रा एवं पीएनजी उपयोग की मात्रा घटाई जाएगी एवं नियमानुसार निर्धारित प्रतिशत के अंदर ही आपूर्ति होगी।

### प्राथमिकता के आधार पर व्यवसायिक एलपीजी आवंटन

नई नीति के तहत विभिन्न क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर गैस आवंटन सुनिश्चित किया गया है। इसके अनुसार शैक्षणिक संस्थानों एवं अस्पतालों को 100 प्रतिशत, होटल-रेस्तरां, ढाबों एवं डेयरियों को 60 प्रतिशत, औद्योगिक उपभोक्ताओं (बल्क एवं पैक्ड सप्लाई) को 40 प्रतिशत, अन्य एनडीएनई उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत तथा प्रवासी श्रमिकों एवं फूड कार्ट्स को आवश्यकतानुसार 5 किलोग्राम सिलेंडर (अधिकतम 2) उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही मंदिरों एवं उनके रसोईघरों, विवाह समारोहों एवं धार्मिक आयोजनों को 50 प्रतिशत एलपीजी गैस उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही नई नीति के अनुसार सरकारी/नगर निगम अस्पतालों, सभी स्कूल एवं कॉलेज, सरकारी कार्यालयों के कैंटीन, पुलिस, बीएसएफ, सीआईएसएफ तथा रक्षा प्रतिष्ठानों के मेस, सहकारी समितियों के अंतर्गत संचालित कैंटीन, शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों की प्रयोगशालाओं एवं सोसाइटीज एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत धर्मार्थ संस्थाओं में शत प्रतिशत व्यवसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति जारी रहेगी।

### बिना पंजीकरण के व्यावसायिक उपभोक्ता को नहीं मिलेगा सिलेंडर

नई व्यवसायिक एलपीजी वितरण नीति के अनुसार सभी व्यवसायिक एलपीजी उपभोक्ताओं को संबंधित ऑयल गैस कंपनी के वितरक के साथ पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। बिना पंजीकरण के किसी को भी एलपीजी वितरण नहीं किया जाएगा। यदि उपभोक्ता के क्षेत्र में पीएनजी पाइपलाइन उपलब्ध है तो उसे पहले सिटी गैस वितरण कंपनी में पंजीकरण कर पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करना होगा।

---

हाईकोर्ट ने पलटा मेडिकल कॉलेज का फैसला; कहा-

## वैधानिक नियमों से ऊपर नहीं नीट पीजी इंफॉर्मेशन बुलेटिन, 7 दिन में दें एडमिशन

**लोक टुडे। जोधपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर मुख्यपीठ ने नीट पीजी 2025 में एमडी कोर्स में प्रवेश से जुड़े एक मामले में अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस डॉ. नूपुर भाटी की एकल पीठ ने स्पष्ट किया है कि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) की अधिसूचना और ढत्र्ठएएफ 2000 से मिलकर बने वैधानिक ढांचे को काउंसलिंग के किसी 'इंफॉर्मेशन बुलेटिन' के जरिए कमजोर या कठोर नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने जोधपुर की डॉ. संपूर्णानंद मेडिकल कॉलेज द्वारा एक छात्रा का प्रवेश निरस्त करने वाले आदेश को अवैध मानते हुए रद्द कर दिया है और याचिकाकर्ता को सात दिन के भीतर प्रवेश देने के निर्देश दिए हैं।

**प्रवेश रोके जाने के पीछे का घटनाक्रम :** कोटा निवासी डॉ. पर्णिका शर्मा ने एडवोकेट यशपाल खिलेरी के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। याचिका में बताया गया कि शर्मा ने साल 2023 में छत्तीसगढ़ से एमबीबीएस पूरी की थी और 25 अगस्त 2023 को वहां की मेडिकल काउंसिल से 'प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन' प्राप्त किया था। इंटर्नशिप पूरी करने के बाद वह राज्य के बांड नियमों के तहत 24 अगस्त 2024 से बस्तर के एक सरकारी अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर के रूप में सेवाएं दे रही हैं।

**डॉ. शर्मा ने नीट पीजी-2025** परीक्षा में 800 में से 472 अंक प्राप्त कर 33498वीं रैंक हासिल की थी। काउंसलिंग के दौरान 23 फरवरी 2026 को उन्हें डॉ. संपूर्णानंद मेडिकल कॉलेज, जोधपुर में एमडी (एनेस्थीसिओलॉजी) कोर्स आवंटित किया गया। लेकिन 27 फरवरी को रिपोर्टिंग के समय उनके पास छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल का स्थायी पंजीकरण प्रमाण पत्र मूल रूप में नहीं होने के कारण, कॉलेज प्रशासन ने 28 फरवरी को आदेश जारी कर उन्हें प्रवेश देने से इनकार कर दिया। नियमों में एक महीने की छूट, फिर भी रद्द किया एडमिशन याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि ठटउ की 29 दिसंबर 2023 की अधिसूचना के क्लॉज 4.1 के अनुसार, जब तक नेक्स्ट लागू नहीं होता, तब तक पीजी प्रवेश पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशन, 2000 के तहत ही होंगे। इन वैधानिक रेगुलेशन के नियम 8(3) के तहत उम्मीदवार को प्रवेश की तारीख से एक महीने के भीतर स्थायी पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने की छूट दी गई है। वकील ने कोर्ट को यह भी बताया कि याचिकाकर्ता के पास पहले से प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन था और याचिका लंबित रहने के दौरान 9 मार्च 2026 को उन्हें स्थायी पंजीकरण प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया है। दूसरी ओर, राज्य सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता ने तर्क दिया कि नीट-पीजी 2025 के सूचना बुलेटिन के क्लॉज 4.6 के अनुसार, रिपोर्टिंग के समय स्थायी पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना जरूरी था। ये दस्तावेज न होने के कारण प्रवेश रद्द करने का निर्णय सही था।

---

## जोधपुर में आईपीएस केके विश्नोई और अंशिका की शादी आज

**लोक टुडे। बाड़मेर**

राजस्थान (बाड़मेर) के रहने वाले IPS कृष्ण कुमार (KK) विश्नोई और UP (प्रयागराज) की रहने वाली IPS अंशिका वर्मा की 29 मार्च को जोधपुर में शादी है। शुक्रवार को बाड़मेर के धोरीमन्ना में हल्दी की रस्म हुई। देर रात IPS विश्नोई ने अपने पिता के साथ DJ पर डांस भी किया। इस दौरान कलाकारों ने संभल SP कृष्ण विश्नोई को ठरको गाया। वर्तमान में विश्नोई संभल (UP) और अंशिका



बरेली (UP) की SP हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को भी शादी का निमंत्रण दिया गया है। उधर, अंशिका की हल्दी प्रयागराज में हुई। इससे पहले शुक्रवार की रात करीब 8 बजे केके विश्नोई अपने पैतृक गांव धोरीमन्ना पहुंचे। यहां साफा और माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद देर रात तक गीत-संगीत का कार्यक्रम चलता रहा। उन्होंने पहले गांव के मंदिर और फिर घर के मंदिर में मां के साथ पूजा की। इस दौरान पारंपरिक राजस्थानी गीत भी गाए गए।

**बाड़मेर का घर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाया :** केके विश्नोई के घर को फूलों से सजाया गया। रंग-बिरंगी लाइट लगाई गई। हल्दी के दौरान विश्नोई ने कुर्ता-पायजामा पहन रखा था। पारंपरिक पहनावे में वे स्टेज पर बैठे

---

## एक्सप्रेस-वे पर बेकाबू थार पलटी उछलकर बाहर गिरे 2 युवक की मौत

**लोक टुडे। जोधपुर**

जोधपुर के पास फलोदी जिले में दोपहर करीब 12 बजे तेज रफ्तार थार गाड़ी टायर फटने से बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। थार में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना मतोड़ा थाना क्षेत्र में पड़ासला इलाके में भारतमाला एक्सप्रेस-वे की है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गुजरात नंबर की थार गाड़ी भारतमाला एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार से दौड़ रही थी। अचानक गाड़ी का एक टायर फट गया। इसके कारण चालक गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा। असंतुलित होने के बाद थार हाईवे के बीच बने डिवाइडर की लोहे की रेलिंग से जा टकराई। डिवाइडर की दोनों तरफ की रेलिंग के बीच जाकर पलट गई।



**उछलकर बाहर गिरे दो युवक, एक अंदर फंसा** हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के दौरान गाड़ी में सवार दो युवक उछलकर बाहर जा गिरे। दोनों युवक करीब चालीस फीट दूर जाकर गिरे। इसमें से एक थार के सनरूफ से निकलकर बाहर जा गिरा। रेलिंग से टकराने के कारण उन्हें गंभीर चोटें आईं। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गाड़ी में सवार तीसरा युवक थार के अंदर ही फंसा रह गया, जिसकी वजह से वह सुरक्षित बच गया। हालांकि, उसे भी कुछ चोटें आई हैं।

---

## ऑफिस में खड़ी स्कूटी मोबाइल पर कटा चालान

**लोक टुडे। उदयपुर**

ऑफिस में खड़ी स्कूटी का अचानक 1000 रुपए का ई-चालान कटने से उदयपुर जिला बाल कल्याण समिति की कार्यकारी अध्यक्ष हैरान रह गई। उन्होंने दावा किया कि जिस समय चालान काटा गया, उस वक्त वे ऑफिस में मौजूद थीं और स्कूटी भी वहीं खड़ी थी। इस घटना के बाद उन्होंने ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की है। जिला बाल कल्याण समिति की कार्यकारी अध्यक्ष यशोदा पनिया का कहना है कि वे रोजाना हेलमेट पहनकर ही दुपहिया वाहन चलाती है, लेकिन शुक्रवार को उस समय हैरानी की बात हुई तब स्कूटी कार्यालय में पड़ी और मोबाइल पर हेलमेट नहीं पहनने के चालान का मैसेज मोबाइल पर आया।

**मोबाइल पर हेलमेट नहीं पहनने का आया 1 हजार का चालान :** यशोदा ने बताया कि जब ऑफिस में काम निपटा रही थी, तब ही अचानक उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया, जिसमें हेलमेट नहीं पहनने पर 1 हजार रुपए का चालान बनाया गया था। इस मैसेज से हैरान रह गई कि उस समय मेरी गाड़ी ही ऑफिस में खड़ी थी, मैं कही रोड पर भी नहीं थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक वे ऑफिस में मौजूद थी

---

## मासूम से दरिंदगी करने वाले को 20-साल की जेल

**लोक टुडे। जालोर**

नाबालिग लड़की के साथ दरिंदगी करने के आरोपी को कोर्ट ने 20 साल के कठोर कारावास और जुमार्ने की सजा सुनाई है। मासूम जन्मदिवस पर घर के पास एक दुकान पर चॉकलेट लेने गई थी। इस दौरान आरोपी ने उसे जबरन अपनी बाइक पर बैठा लिया और फिर दूर ले जाकर रेप किया था। घटना जालोर जिले के एक थाना क्षेत्र में हुई थी। विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीत सिंह राज पुरोहित ने बताया कि एक थाना क्षेत्र में एक नाबालिग पीड़िता के पिता ने 8 जुलाई 2025 को रिपोर्ट दी थी। बताया कि 7 जुलाई 2025 को उसकी बेटी का जन्म दिवस होने पर वह अपने घर के पास स्थित एक दुकान पर चॉकलेट लेने गई थी। इसी दौरान आरोपी युवक ने उसे बीच रास्ते से बहला फुसलाकर बाइक पर बैठाया और दूर एक स्थान पर ले जाकर उसके साथ रेप किया।

Pk टाइम्स
www.pktimesnews.com

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com



जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार

जयपुर, रविवार, 29 मार्च, 2026

# 4258 करोड़ रुपये की 8 परियोजनाओं एवं 2 योजनाओं पर मुख्यमंत्री ने दिए दिशा-निर्देश



**लोक टुडे। जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज उन्नति की तीसरी बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने लगभग 4 हजार 258 करोड़ रुपये की 7 विभागों की 8 परियोजनाओं एवं 2 योजनाओं की प्रगति को लेकर विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने जिला कलक्टर एवं विभागों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित करने तथा इस संबंध में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों की जवाबदेही तय कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शर्मा ने बजट घोषणाओं की अनुपालना में स्थापित होने वाले कस्टम हायरिंग सेंटर्स की स्थापना की प्रक्रिया में कृषि विभाग के अधिकारियों को तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य की मॉनिटरिंग करते हुए नियमित प्रगति सुनिश्चित की जाए। ग्राम उत्थान शिविरों के दौरान प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर शीघ्र स्वीकृतियां जारी करें एवं केवीएसएस एवं जीएसएस द्वारा प्रेषित प्रस्तावों का निस्तारण किया जाए।

### सभी औद्योगिक इकाइयों को सीईटीपी से जोड़े

मुख्यमंत्री ने कहा कि द्रव्यवती नदी में गिरने वाले नालों एवं औद्योगिक इकाइयों के अपशिष्ट को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। साथ ही, उन्होंने शेष औद्योगिक इकाइयों को सीईटीपी से शीघ्र जोड़ने और इसके उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। शर्मा ने कहा कि करतारपुरा अंडरपास के निर्माण के प्रस्ताव के संबंध में रेलवे के उच्चाधिकारियों से समन्वय कर शीघ्र अनुमोदन कराया जाए।

### गोदामों की क्षमता का समुचित उपयोग हो सुनिश्चित

मुख्यमंत्री ने सहकारी संस्थाओं की भंडारण क्षमता में वृद्धि के लिए ग्राम सेवा सहकारी समितियों में 100 एवं 500 मीट्रिक टन क्षमता के निमार्णाधीन गोदामों के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए इसे शीघ्र पूरा करने तथा उनके समुचित उपयोग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं करें। इसके लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण की व्यवस्था के साथ गुणवत्ता आधारित मानकों की पालना सुनिश्चित की जाए।

### पंच गौरव कार्यक्रम की हो नियमित मॉनिटरिंग

मुख्यमंत्री ने पंच गौरव कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि यह राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके माध्यम से स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित कर जिले की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि फसलों की प्रोसेसिंग यूनिट से जुड़ने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए तथा उन्हें पर्यटन स्थलों के साथ जोड़कर रोजगार के नए अवसर सृजित करें। उन्होंने पंच गौरव कार्यक्रम के प्रभावी विस्तार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए मुख्य सचिव स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। शर्मा ने स्मार्ट (सर्विस मेनेजमेंट विद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड रियल टाइम सिस्टम) के संबंध में कहा कि एआई/एमएल का उपयोग केवल डेटा मिलान तक सीमित नहीं रहे, बल्कि इसे स्वतः ही पात्र लाभार्थियों की पहचान कर योजनाओं से जोड़ने में सक्षम बनाया जाए।

### परिवादियों ने समस्या के समाधान पर जताया संतोष

मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की छोटी से छोटी समस्या का समाधान करना हमारी सरकार का ध्येय है। उन्होंने निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कर लोगों को त्वरित राहत प्रदान की जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सभी सचिवगण 181 कॉल सेंटर की विजिट के दौरान परिवेदनाओं पर ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा दिए गए जवाब की मॉनिटरिंग करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जोधपुर के प्रेम प्रकाश विश्नाई एवं झुंझुनूं के मुकेश कुमार मीणा ने मुख्यमंत्री से संवाद कर संपर्क पोर्टल के माध्यम से अपनी समस्याओं के समाधान पर संतोष व्यक्त किया तथा मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना में निर्धारित हो टाइमलाइन

शर्मा ने प्रदेश में ब्रह्मगुप्त सेंटर ऑफ फ्रंटियर टेक्नोलॉजीज के तहत बनने वाले ब्लॉक चेन, साइबर सिक्योरिटी, एआई, क्वांटम कम्प्यूटिंग उत्कृष्ट केन्द्रों की स्थापना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि इस केन्द्र के प्रारंभिक डिलिवरेबल निर्धारित कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा इसका शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर माइन्स एण्ड मिनरल्स की स्थापना के संबंध में टाइमलाइन निर्धारित करते हुए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

## जयपुर में 700 किलो से ज्यादा नकली पनीर पकड़ा



**लोक टुडे। जयपुर**

जयपुर में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जवाहर नगर थाना पुलिस ने शनिवार को 700 किलो से ज्यादा नकली पनीर बरामद किया है। महज 5 दिनों में यह दूसरी छापेमार कार्रवाई है, जिसके बाद मौके पर खाद्य विभाग की टीम को बुलाकर जांच शुरू कर दी गई है। जवाहर नगर थाना पुलिस ने यह पनीर बाजार में सप्लाई होने से पहले ही टीला नंबर 1 पर कार्रवाई करते हुए पकड़ लिया। जिसके बाद मिलावटी पनीर बेचने वालों में हड़कंप मच गया। जवाहर नगर थाना प्रभारी महेशचंद्र ने बताया कि ये पनीर जवाहर नगर टीला नंबर 1 स्थित राजेश डेयरी पर पहुंचा था। मुखबिर की सूचना मिली थी कि इलाके में नकली पनीर सप्लाई होने वाला है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने राजेश डेयरी पहुंचकर छापा मारा। इस दौरान यहां पिकअप जिसके नंबर RJ 14 GL 0796 से भारी मात्रा में पनीर लाया गया था। सीएमएचओ फर्स्ट की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है, टीम ने सैंपल लिए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बस ने स्कूटी सवार युवती को कुचला, मौत

**लोक टुडे। बीकानेर**

बीकानेर में जयपुर रोड पर शनिवार को रासीसर के पास बस और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में युवती की मौत हो गई। टक्कर में स्कूटी के परखच्चे उड़ और युवती शव बुरी तरह से कुचल गया। जांघ से एक पैर टूटकर लटक गया। वहीं सिर फटने से मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस के अनुसार, बीकानेर की ओर जा रही एक बस और सामने से आ रही स्कूटी की भिड़ंत हो गई। टक्कर तेज होने के कारण स्कूटी सवार अंबेडकर सर्किल निवासी युवती कुसुम सैनी (17) गंभीर रूप से घायल हो गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

**स्कूटी से मिले दस्तावेजों से हुई पहचान :** घटना के बाद मौके पर पहुंची नापासर थाना पुलिस ने स्कूटी से मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतका की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। हादसे के दौरान मौके से गुजर रहे एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसायटी के सेवादार आमिर कायमखानी ने एंबुलेंस की व्यवस्था कर शव को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल की मॉच्युर्री में रखवाने में सहयोग किया। जयपुर रोड पर हाल के दिनों में लगातार सड़क हादसे सामने आ रहे हैं। कुछ दिन पहले भी इसी मार्ग पर एक अन्य दुर्घटना में महिला की मौत हो चुकी है।

## क्रिटिकल केयर विंग डूंगरपुर के लिए बड़ी सौगात, ऐसे जल्द पूरा करें : चिकित्सा मंत्री

**लोक टुडे। जयपुर**



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने डूंगरपुर जिला अस्पताल के निमार्णाधीन क्रिटिकल केयर विंग के निरीक्षण के दौरान कहा कि चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में क्रिटिकल केयर विंग डूंगरपुर जिले के लिए बहुत बड़ी सौगात है तथा हमारा प्रयास है कि इसका कार्य जल्द से जल्द पूरा हो ताकि इसकी सेवाओं का लाभ आमजन को मिल सकें। इस दौरान उन्होंने प्रगतिरत कार्य, कार्य पूर्ण होने की समयावधि, आवश्यक चिकित्सा संसाधनों के लिए टेंडर, वर्क आर्डर एवं प्रक्रियाओं की जानकारी ली। उन्होंने कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि चिकित्सा सेवाओं का बेहतर लाभ मरीजों को मिल सकें। उल्लेखनीय है कि डूंगरपुर जिला चिकित्सालय में 18700 लाख की लागत से क्रिटिकल केयर विंग का भवन का निर्माण किया जा रहा है।

**ओपीडी के नए भवन हेतु भी प्रस्ताव मांगा :** खींवसर ने कहा कि डूंगरपुर जिले में ओपीडी लेवल बहुत ज्यादा है तथा मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सकें, इसलिए प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को नये भवन के प्रस्ताव बनाकर भेजन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डूंगरपुर को चिकित्सा सेवा क्षेत्र में अव्वल बनाने का हमारा प्रयास है ताकि यहां के निवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकें।

**फूड कॉर्नर की सराहना :** इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय में मरीजों एवं उनके साथ आए परिवारजन को उचित मूल्य पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए स्थापित किए गए फूड कॉर्नर का निरीक्षण करते हुए उसकी सराहना की। उन्होंने इस दौरान वहां पर भोजन कर रहें लोगों से संवाद कर जानकारी भी ली।

**युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध :** उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार देने की प्रतिबद्धता को निभाते हुए चिकित्सकों एवं नर्सिंग कर्मियों की भर्ती के बाद तथा सबसे ज्यादा नियुक्तियां जनजाति क्षेत्र में ही दी गई ताकि चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर किया जा सकें। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के उच्च शिक्षा के लिए जाने पर रिक्त हुए पदों पर भी पुनः भर्ती होने पर नियुक्तियां की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं को रोजगार देने के क्षेत्र में सबसे अधिक पहल करते हुए चिकित्सा क्षेत्र में पचास हजार से अधिक भर्तियां की गई है, जिसमें से लगभग तीस हजार की नियुक्तियां की गई है और आगे भी यह प्रक्रिया जारी है। हमारा प्रयास रहेगा कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध करवायें। निरीक्षण के दौरान डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, अधीक्षक मेडिकल कॉलेज डॉ महेंद्र डामोर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अलंकार गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विपिन मीणा सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहें।

## उदयपुर में आयड़ नदी में मिला युवक का शव

**लोक टुडे। उदयपुर**

उदयपुर शहर में शनिवार सुबह पुलां स्थित आयड़ नदी में ठहरे पानी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। सुबह उसकी पत्नी और चचेरा भाई उसे खोजने निकले थे तब ही पता चला कि नदी पेटे में एक लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। मौके पर देखा तो शव उसके पति का ही था। अंबामाता थानाधिकारी दलपत सिंह भी मौके पर पहुंचे थे। पूरे मामले को लेकर सबसे पहले पुलिस ने शव अस्पताल की मॉर्चरी पहुंचाया। एएसआई किशन सिंह ने बताया- सुबह करीब साढ़े नौ बजे सूचना मिली कि पुलां स्थित आयड़ नदी में एक शव दिखा। इस बीच वहां सनसनी फैलने के साथ ही आसपास से लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक का सिर पानी के अंदर था और उसके पांव बाहर की तरफ थे। अरक ने मौका पर्चा बनाया। प्रारंभिक जांच में नदी में ठहरे इस पानी में डूबने से मौत हुई है। मृतक की शिनाख्त भुवाणा की हवाला भील बस्ती निवासी राजकुमार (35) पुत्र शंकरलाल गमेती के रूप में की गई।

## 30 सेकंड में किसान की जेब से 50 हजार निकाले

**लोक टुडे। जोधपुर**

जोधपुर में जेब काटने की चौंकाने वाली वारदात सामने आई है, जहां बैंक में लाइन में खड़े एक किसान युवक की जेब से महज 30 सेकंड में 50 हजार रुपए निकाल लिए गए। पूरी घटना CCTV कैमरे में कैद हो गई, जिसमें शातिर बदमाश बड़ी सफाई से वारदात को अंजाम देता नजर आ रहा है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी वीडियो के आधार पर तलाश में जुट गई है।

## 25 साल के युवक को पानी पीते-पीते हार्टअटैक आया, मौत

**लोक टुडे । अजमेर**

अजमेर में 25 साल के युवक की पानी पीते-पीते हार्टअटैक आने से मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद दोस्त उसे खछ्ठ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक संदीप उर्फ संजू डीडवानिया सुभाष नगर (रामगंज) इलाके का रहने वाला था। परिवार के अनुसार हार्टअटैक आने से मौत हुई है। हालांकि बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉच्युर्री में रखवाया है। रामगंज थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। एसआई गुजराल ने बताया- मृतक युवक के भाई विकास डीडवानिया ने थाने में लिखित शिकायत दी है। उन्होंने बताया- सुबह 7 बजे संदीप अपने दोस्त को घर छोड़ने के लिए जनाना अस्पताल की तरफ गया था। इस दौरान सभी दोस्त एक थड़ी पर चाय पीने के लिए रुके थे। यहां पानी पीते समय अचानक संदीप की तबीयत बिगड़ गई। दोस्त उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

PK टाइम्स
www.pktimesnews.com

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com

जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार

जयपुर, रविवार, 29 मार्च, 2026



## जयपुर से अजमेर और दिल्ली-मानसरोवर-दिल्ली की तरफ जाने वाले ट्रेफिक को नहीं रूकना पड़ेगा सिग्नल पर

# अजमेर रोड 200 फीट चौराहे पर बनेगा अण्डरपास-ओवरब्रिज

**लोक टुडे । जयपुर**

जयपुर में 200 फीट हीरापुरा चौराहा (जंक्शन) पर अगले कुछ सालों में अंडरपास और फ्लाइओवर बनेंगे। इसके लिए नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने प्रोजेक्ट का काम करने वाली कॉन्ट्रेक्ट फर्म को लेटर ऑफ अवार्ड (LoA) जारी किया है। इस पूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने में 2 साल से ज्यादा का समय लगेगा। NHAI से मिली रिपोर्ट के मुताबिक आज कंपनी को LoA जारी किया है और उसे जल्द से जल्द ग्राउंड पर काम शुरू करने के लिए कहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत दो अंडरपास और दो फ्लाइओवर बनेंगे। इसके पूरा होने के बाद 200 फीट चौराहे पर लगने वाला लम्बा जाम से लोगों को राहत मिलेगी।

### 10 मिनट से ज्यादा का लगता है समय

वर्तमान में इस चौराहे पर सुबह-शाम पीक ऑवर्स में सबसे ज्यादा ट्रेफिक जाम की स्थिति रहती है। यहां शाम को इस कदर जाम रहता है कि जंक्शन को (मानसरोवर से दिल्ली की तरफ) पार करने में 8 से 10 मिनट तक का समय लग जाता है।




### ये बनेगा प्रोजेक्ट

इस प्रोजेक्ट में एक अंडरपास मानसरोवर से दिल्ली, सिरसी, कालवाड़ की तरफ जाने वाले ट्रेफिक संचालकों के लिए बनाया जाएगा, जबकि दूसरा दिल्ली से मानसरोवर की तरफ आने वाले ट्रेफिक के लिए बनेगा। ये दोनों अंडरपास करीब 600 से 700 मीटर लम्बाई में दो-दो लेन के बनेंगे। इसके अलावा अजमेर से आने वाले हैवी ट्रेफिक को दिल्ली, सीकर की तरफ भेजने के लिए सर्विस लेन के ऊपर एक फ्लाइओवर बनाया जाएगा, जिसकी लम्बाई करीब 900 से 1000 मीटर की होगी। जबकि दूसरा फ्लाइओवर जयपुर (वैशाली नगर, अजमेर रोड से आने वाले ट्रेफिक) से अजमेर की तरफ जाने वाले ट्रेफिक के लिए बनाया जाएगा। इसकी लम्बाई करीब 900 मीटर की होगी।

# एसीएस ने ली अधिकारियों की बैठक, योजनाओं की जानकारी लेकर की प्रगति की समीक्षा

**लोक टुडे । जयपुर**

सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दिनेश कुमार ने शनिवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुमार ने मुख्यालय अंबेडकर भवन के सभागार में आयोजित बैठक में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की अन्य राज्यों से तुलना करते हुए उन्हें और प्रभावी बनाने के दिए निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं की प्रगति की मासिक रिपोर्ट बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने 50 प्रतिशत से कम प्रगति वाली योजनाओं की समीक्षा कर



उनका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। साथ ही योजनाओं में किसी भी तरह के फ्रॉड को रोकने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में एआई तकनीक के इस्तेमाल पर भी जोर दिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पालनहार योजना, आयुष्मान बाल संबल योजना, अंतरजातीय विवाह, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, आवासीय विद्यालय, उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, कामकाजी महिला छात्रावास सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री बजट घोषणा, मुख्यमंत्री निर्देशों की समीक्षा, कोर्ट केसों की वस्तुस्थिति, विभागीय पदोन्नति, ऑडिट पैराज, भारत सरकार से बजट आवंटन एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सामाजिक कल्याण की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक तय समयावधि में पहुंचाना सुनिश्चित करें। निदेशक आशीष मोदी ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के जरिए सभी योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दी और वित्तीय और प्रशासनिक प्रगति से अवगत कराया। इस दौरान वित्तीय सलाहकार अंजू सिंह, अतिरिक्त निदेशक जेपी बैरवा, नसीम खान, रामेश्वर लाल परसोया, रीना शर्मा, सूंडाराम मीणा, अशोक जांगिड़, अरविंद कुमार सैनी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सिंगर बोला-विधायक ने जान से मारने की धमकी दी, रील पर किया था कमेंट

## MLA रविंद्र भाटी बोले- किसी का टूल नहीं बनना चाहिए

**लोक टुडे । जयपुर**

राजस्थान में भजन गायक ने शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी पर धमकाने का आरोप लगाया है। गायक छोटूसिंह रावणा ने भोपाल (मध्यप्रदेश) में कार में बैठकर बनाए वीडियो में कहा- 27 मार्च रात करीब 11 बजे विधायक रविंद्र सिंह भाटी का उनके पास फोन आया। बातचीत के दौरान विधायक ने धमकाने के लहजे में कहा - दो बार आपको छोड़ दिया, अब जो कर रहे हो वह ठीक नहीं है। इधर, विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा - लोग अक्सर दूसरों के कंधों का इस्तेमाल करते हैं, इसलिए कभी भी





किसी का टूल नहीं बनना चाहिए। पूरा विवाद सोशल मीडिया पर रील और कमेंट को लेकर हुआ।

**सोशल मीडिया वीडियो से शुरू हुआ विवाद :** दरअसल, हाल ही में एक वीडियो चर्चा में आया था, जिसमें एक बच्चे ने स्विमिंग पूल के उद्घाटन पर विधायक रविंद्र सिंह भाटी को आमंत्रित किया था। इस वीडियो के बाद विधायक ने बच्चे से वीडियो कॉल पर बातचीत भी की, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसी बीच एक अन्य वीडियो सामने आया, जिसमें एक कैंसर पीड़ित बच्चा भावुक होकर कहता नजर आया कि उसने विधायक को कई बार कॉल और मैसेज किए, लेकिन उसे कोई जवाब नहीं मिला। इस वीडियो ने लोगों का ध्यान खींचा।

**कमेंट के बाद भड़का विवाद :** भजन गायक छोटूसिंह रावणा ने इसी वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा - काश बेटा आप रील स्टार होता तो सभी नेता उसके पास होते। रावणा का कहना है - उनका कमेंट सामान्य था, लेकिन इसके बाद मामला बढ़ गया।

# वंदे भारत समेत 4 ट्रेनों के रूट में अस्थाई बदलाव

## सिग्नलिंग कार्य के चलते आज जोधपुर-साबरमती वंदे भारत नए मार्ग से चलेगी

**लोक टुडे । जोधपुर**

पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद-पालनपुर रेलखंड पर ऑटोमेटिक सिग्नलिंग से जुड़े जरूरी तकनीकी कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इसके चलते आगामी 29 मार्च को जोधपुर-साबरमती वंदे भारत एक्सप्रेस सहित 4 ट्रेनों का संचालन अस्थाई रूप से परिवर्तित (वैकल्पिक) मार्ग से किया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को स्टेशन रवाना होने से पहले अपनी ट्रेन का स्टेटस जांचने की सलाह दी है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि रेल नेटवर्क पर संचालन को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से यह तकनीकी अपग्रेडेशन किया जा रहा है। इस ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके



कारण कुछ ट्रेनों को उनके नियमित ट्रैक की बजाय दूसरे मार्ग से गुजारने का निर्णय लिया गया है।

**इन ट्रेनों के मार्ग और ठहराव में हुआ बदलाव :** ट्रेन संख्या 12461, जोधपुर-साबरमती वंदे भारत एक्सप्रेसः 29 मार्च को यह हाई-स्पीड ट्रेन अपने नियमित मार्ग की बजाय महेसाणा, कटोसन रोड और कलोल होकर साबरमती की ओर संचालित होगी। ट्रेन संख्या 19223, साबरमती-जम्मूतवी एक्सप्रेसः यह ट्रेन रविवार (29 मार्च) को खोडियार, कलोल, कटोसन रोड एवं महेसाणा होकर चलेगी। मार्ग में बदलाव के कारण इस दिन गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर इसका ठहराव नहीं होगा। ट्रेन संख्या 19224, जम्मूतवी-साबरमती एक्सप्रेसः 28 मार्च को प्रस्थान करने वाली यह ट्रेन अपने सफर के दौरान कलोल-खोडियार मार्ग से संचालित होगी। इस ट्रेन का भी गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर ठहराव रद्द रहेगा। ट्रेन संख्या 09721, भावनगर-बीकानेर स्पेशलः इस स्पेशल ट्रेन को वीरमगाम, कटोसन रोड एवं महेसाणा के रास्ते बीकानेर के लिए चलाया जाएगा। इस बदलाव के चलते यह ट्रेन आम्बली रोड और गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर नहीं रुकेगी।

# अजमेर में प्रशिक्षु RPS को धमकी, अंजाम बुरा होगा...

**लोक टुडे । अजमेर**

अजमेर में आरोपी से पूछताछ करने गए प्रशिक्षु पद्दर और मांगलियावास थाना प्रभारी को धमकाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने RPS दीपेंद्र सैनी को गेट घुमाकर चोटिल कर दिया और मौके से फरार हो गया। घटना शुक्रवार दोपहर डुमाडा गांव की है। दरअसल, पुलिस सोशल साइट पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में आरोपियों से पूछताछ के लिए गई थी। इस दौरान एक आरोपी ने धमकी दी



कि यहां से भाग जाओ वरना अंजाम बुरा होगा। तुम अभी नये हो, मुझे जानते नहीं हो, मैं तुम्हें नौकरी करना भुला दूंगा। इसके बाद वह वहां से भागने में कामयाब हो गया। प्रशिक्षु RPS दीपेंद्र सैनी ने घटना को लेकर मांगलियावास थाने में मामला दर्ज कराया, वहीं मामले की जांच पीसांगन थाना प्रभारी को सौंपी गई है। प्रशिक्षु RPS थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया एप पर अनर्गल (गलत) टिप्पणी करने के मामले में आरोपियों से समझाइश व पूछताछ करने के लिए पुलिस टीम के साथ 27 मार्च ग्राम डूमाड़ा पहुंचे। जहां पर कॉन्स्टेबल विजेन्द्र कुमार पहले से मौजूद थे, उनको लेकर एक आरोपी गोपाल गुर्जर के घर पहुंचे, लेकिन घर पर गोपाल नहीं मिला।

www.pktimesnews.com

दैनिक लोक टुडे

www.loktodaynews.com



जनता की आवाज

विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार

जयपुर, रविवार, 29 मार्च, 2026

## प्रधानमंत्री के निदेशों की पालना में सीएम के निर्देश पर मुख्य सचिव ने ली बैठक, बोले -

# एलपीजी, पेट्रोल, डीजल व उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक; लोगों को चिंता की जरुरत नहीं

**लोक टुडे। जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों के मद्देनजर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपालों के साथ शुक्रवार को वीसी के जरिए ली गई बैठक में प्रदत्त निदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निदेशानुसार मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने शनिवार को सचिवालय में प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, उर्वरक आपूर्ति सहित विभिन्न मुद्दों पर सभी विभागाध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। आमजन को इनकी आपूर्ति के संबंध में चिंतित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों में आमजन को अधिकतम राहत देने के लिए सभी संबंधित विभागों को अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी का उत्पादन बढ़ने एवं पश्चिम एशिया के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों से आपूर्ति बढ़ने से स्थिति में ओर अधिक सुधार हुआ है। घरेलू उपभोक्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों को एलपीजी की सुचारू आपूर्ति जारी रखने के साथ अब व्यवसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति भी शुरू हो चुकी है। बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के शासन सचिव श्री अम्बरीष कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त निदेशों की शत प्रतिशत अनुपालना विभाग द्वारा सुनिश्चित की जा रही है। बैठक में सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव सहित आला अधिकारी एवं ऑयल गैस मार्केटिंग कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित

बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेशानुसार अधिकारी कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन कर आर्थिक रूप से कमजोर तबकों को अधिकतम राहत देना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लाभार्थियों को राशन आपूर्ति में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। साथ ही अन्नपूर्णा रसोइयों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रभावी मॉनिटरिंग के माध्यम से इन योजनाओं का समुचित संचालन सुनिश्चित करने के साथ दैनिक प्राइस चार्ट जारी कर बाजारों में अन्न की कीमतों में अवैध रूप से वृद्धि करने वालों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। अवैध भंडारण, कालाबाजारी एवं डाइवर्जन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। उर्वरक, गैस सिलेंडर के भंडारण गोदामों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए ताकि वहां किसी प्रकार की चोरी ना हो।

### प्रवासी मजदूरों की समस्याओं का करें निवारण

मुख्य सचिव ने श्रम विभाग के अधिकारियों को प्रदेश में कार्यरत प्रवासी श्रमिकों को समयबद्ध भुगतान, आवश्यकतानुसार भोजन, रहने एवं परिवहन की व्यवस्था करवाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योगों को किसी भी प्रकार के लंबित भुगतान को त्वरित रूप से कराने के दिशा निर्देश दिए।

### फेक न्यूज का हो प्रभावी रोकथाम

मुख्य सचिव में अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में भ्रामक खबरों एवं अफवाहों की त्वरित एवं प्रभावी रोकथाम की जाए। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा दैनिक रूप से भ्रामक खबरों का खंडन कर सही एवं तथ्यपरक सूचनाएं आमजन तक पहुंचाई जाए। भ्रामक खबरों के माध्यम से आमजन में किसी प्रकार का पैनिक उत्पन्न ना हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।

### उर्वरकों का किसी प्रकार से ना हो डाइवर्जन

मुख्य सचिव ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। अतः किसानों को यूरिया, डीएपी सहित उर्वरकों की आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। संबंधित अधिकारी इस विषय पर निरंतर बैठकें लेकर स्थिति की प्रभावी मॉनिटर करें। नैनो यूरिया, बायो उर्वरकों के इस्तेमाल को भी प्रोत्साहन दें। उर्वरकों के भंडारण का प्रभावी प्रबंध किया जाए। मुख्यमंत्री के निदेशानुसार प्रदेश में उर्वरकों की किसी भी प्रकार की कालाबाजारी एवं डाइवर्जन ना हो, इस पर विशेष स्थान दिया जाए। उन्होंने कहा कि अधिक उर्वरक उपयोग वाले जिलों में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। धरती माता बचाओ अभियान का प्रभावित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

## राजस्थान आवासन मण्डल की समृद्धि योजना को स्कॉच गोल्ड अवार्ड

**लोक टुडे। जयपुर**



राजस्थान आवासन मण्डल की समृद्धि अपार्टमेंट योजना को SKOCH गोल्ड अवार्ड मिला है। मण्डल की ओर से आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने यह अवार्ड शनिवार को दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में ग्रहण किया। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा की मण्डल को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त होने से आमजन में मण्डल की प्रतिष्ठा फिर से कायम हुई है। उन्होंने स्कॉच गोल्ड अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मण्डल की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होनें बताया कि समृद्धि आवासीय योजना में दो प्रकार के फ्लैट बनाये गए थे जिसमें 960 वर्ग फीट वाले फ्लैट की कीमत 33 लाख अनुमानित थी वहीं 1100 वर्गफीट की कीमत 36 लाख अनुमानित थी, लेकिन मण्डल ने उसी उच्च गुणवत्ता के साथ प्रत्येक फ्लैट 960 वर्ग फीट वाला 31 लाख एवं 1100 वर्गफीट वाला 35 लाख में दिया है। उन्होंने बताया की हाल ही में राज्य सरकार द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर में नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा ने समृद्धि अपार्टमेंट के 159 आवंटियों को आवंटन पत्र सौंपे थे। डॉ शर्मा ने कहा कि राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने अपनी योजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि समृद्धि अपार्टमेंट परियोजना आम नागरिकों को किफायती दरों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास प्रदान करने का सफल उदाहरण है।

## विद्यार्थी ज्ञान परम्परा से जुड़कर देश को गौरवान्वित करें-राज्यपाल

**लोक टुडे। जयपुर**




राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि विद्यार्थी प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा जुड़कर नालंदा एवं तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों की तरह भारत का विश्वभर में गौरव बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि भारत का स्वर्णिम अवसर हमारे विश्वविद्यालय हैं। नई शिक्षा नीति के आलोक में उन्हें सभी मिलकर उत्कृष्ट बनाने का प्रयास करें। राज्यपाल बागडे शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन के साथ-साथ गरीबी को शिक्षा के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। उन्होंने राजस्थान के शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले महानुभावों का स्मरण करते हुए कहा कि हीरालाल शास्त्री, स्वामी केशवानंद एवं सावित्री भाटी जैसे व्यक्तियों ने राजस्थान में शिक्षा को एक विशिष्ट स्थान दिलाया। राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान वीरों और वीरांगनाओं की पावन धरती है। यहीं से भारतीय सेना में सबसे अधिक जवान भर्ती होते हैं। शेखावाटी की यह धरती ऐतिहासिक रूप से देश की आर्थिक रीढ़ रही है। यहां के व्यापारियों ने देश के उद्योग-व्यापार जगत को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बजाज, बिरला, अग्रवाल, मोदी समेत अनेक प्रमुख औद्योगिक घरानों की नींव इसी भूमि से जुड़ी है।

## जयपुर में तेज रफ्तार कार ने युवक को उड़ाया, मौत

**लोक टुडे। जयपुर**

जयपुर के मानसरोवर इलाके में हिट एंड रन में शनिवार सुबह एक युवक की मौत हो गई। जो साइकिल रिक्शा लेकर पैदल जा रहा था। तेज रफ्तार कार पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गई। एक्सीडेंट थाना (साउथ) पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को रटर हॉस्पिटल की मॉच्युर्री में रखवाया है। पुलिस ने टक्कर मारकर भागी कार व उसके ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। रक राजेन्द्र सिंह ने बताया- हादसे में करीब 45 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। वह साइकिल रिक्शा में कचरा बीनने का काम करता था। सुबह करीब 6:30 बजे वह साइकिल रिक्शा लेकर पैदल न्यू सांगानेर रोड पर सेंट एंसलम स्कूल के सामने की ओर से जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आई ओवर स्पीड कार ने उसके टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से कार लेकर फरार हो गया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर हालत में रिक्शा ड्राइवर को रटर हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। इलाज के दौरान डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम के लिए शव को हॉस्पिटल की मॉच्युर्री में रखवाया। पुलिस कार व ड्राइवर की तलाश कर रही है।

## ऋषिकेश-बाड़मेर ट्रेन में अवैध सामान बेचते 4 वेंडर पकड़े

**लोक टुडे। बाड़मेर**

ऋषिकेश-बाड़मेर एक्सप्रेस ट्रेन में अवैध तरीके से सामान बच रहे 4 जनों को रेलवे प्रशासन ने पकड़कर रेलवे सुरक्षा बल( RPF) को सौंपा है। ये सभी बिना अनुमति के ट्रेन में सफर करने के साथ सामान बेच रहे थे। कार्रवाई नोखा से मेड़ता रोड स्टेशन के बीच में की गई। दरअसल, उतर पश्चिम रेलवे ट्रेनों का नियमित चैकिंग करती है। इसमें पैसेंजर टिकट, वेंडर समेत संदिग्ध वस्तुओं की भी जांच की जाती है। शनिवार को ट्रेन



संख्या 14887 ऋषिकेश-बाड़मेर एक्सप्रेस नोखा से मेडता रोड स्टेशन के बीच में टिकट जांच की जा रही थी। इस दौरान चार जने बिना अनुमति के ट्रेन में सामान बेच रहे थे। जांच टीम ने कार्रवाई करते हुए सभी को मौके पर ही पकड़ लिया और आगे की कार्रवाई के लिए मेड़ता रोड रेलवे सुरक्षा बल के स्टाफ को सुपुर्द कर दिया। जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया- डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के निदेशानुसार मंडल के सभी रेल खंडों पर चलने वाली ट्रेनों में अवैध वेंडिंग पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। रेलवे प्रशासन ने पैसेंजर से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही सामान RRR खरीदें। अन्य किसी संदिग्ध एक्टिविटी की सूचना पर तुरंत रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे प्रशासन को दें। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही सामान खरीदें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे प्रशासन को दें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रिक, प्रकाशन, संपादक - नीरज मेहरा द्वारा बोनस ग्राफिक्स, लक्ष्मी नगर, हटवाड़ा मार्ग, अजमेर रोड, जयपुर - 302006 से मुद्रिक एवं 141, दयानन्द नगर, फेज प्रथम झेलना डूंगरी गली नंबर 19, थाना गांधी नगर, जयपुर (राज.) प्रकाशित प्रबंध संपादक - पी.के.बृजवाल, 9950325930, 9571635930 (कानूनी सलाहकार एडवोकेट कैलाशनाथ भट्ट)